Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding augmentation of railway facilities in Ganganagar Parliamentary Constituency in Rajasthan - Laid.

श्री निहाल चन्द (गंगानगर): मेरे संसदीय क्षेत्र गंगानगर में, रेलवे संबंधी निम्नलिखित समस्याओं का जल्द निराकरण करने के संबंध में सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ।

जिला हनुमानगढ़ में एक वाशिंग लाईन का निर्माण किया जाना बहुत ही आवश्यक है। भटिंडा जंक्शन, जो कि हनुमानगढ़ जंक्शन से लगभग 80 कि.मी. की दूरी पर स्थित है, में भी वाशिंग लाईन हेतु व्यवहार्यता नहीं है।

गजसिंहपुर–पदमपुर-बींझबायला–गोलूवाला-हनुमानगढ़-रावतसर-नोहर रेलवे लाईन की घोषणा वर्ष 1998 में पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के द्वारा की गई थी, परंतु अभी तक इस विषय में कोई भी प्रगति नहीं हुई है।

सप्ताह में 3 दिन चलने वाली गाड़ी संख्या 12485/12486 (श्री गंगानगर-नांदेड़-श्रीगंगानगर) त्रि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस गाड़ी को 3 में से केवल 1 दिन श्रीगंगानगर से वाया सादुलशहर, हनुमानगढ़, संगरिया, मंडी डबवाली, बठिंडा होकर संचालित किया जाये।

अनूपगढ़ से नई दिल्ली ट्रेन जोड़ी जाए। यह सीमावर्ती क्षेत्र है।